महत्वपूर्ण एवं खास

कोयला लोड ट्रेलर में लगी आग

कोरबा (आरएनएस)। शुक्रवार को बालको थाना अंतर्गत रिस्दा पुल के समीप कोयला लोड ट्रेलर क्रमांक सीजी-04जेसी-1713 में आग लग गई। इसकी सूचना तत्काल डॉयल 112 व बालको पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही डॉयल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। सूचना मिलने पर अग्निशमन दल भी मौके पर पहुंच गया था। संयुक्त प्रयास कर आग पर काबू पा लिया गया। इस कार्रवाई में डॉयल 112 के अनिल साहू एवं चालक सत्येन्द्र सिंह गेंदले की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

दोपहिया वाहनों की चोरी में हो रहा इजाफा, राजधानी में चो गिरोह सक्रिय

रायपुर (आरएनएस)। इन दिनों शहर में दोपहिया वाहन बाइक-स्कूटर, स्कूटी आदि की चोरी में लगातार इजाफा हो रहा है। मिली जानकारी के चौपहिया एवं दोपहिया वाहनों की चोरी में आसपास के चोर गिरोह सक्रिय हैं। भीड़ भरे क्षेत्रों से भी खुलेआम वाहनों की चोरी शहर में चिंता का विषय बन गई है। वहीं पुलिस प्रशासन का अमला वाहनों को रोक-रोककर जुर्माना वसूली में लगा है। लोगों के अनुसार चोर गिरोह के सदस्य शहर में ऐसे वाहनों की तलाश में रहते हैं जिनके चालक लापरवाहीपूर्वक कहीं भी वाहन खड़ा कर देते हैं। गलत पार्किंग के चलते वाहनों की चोरी होती है। वहीं ऐसा कोई दिन नहीं बीतता जब शहर के थानों में वाहनों के चोरी के प्रकरण दर्ज न होते हों। लोगों ने पुलिस अधीक्षक रायपुर से चोर गिरोह के सदस्यों को सक्रिय नाकेबंदी कर पकड़ने के लिए संबद्ध थानों के प्रभारियों को तत्काल निर्देश देने की मांग की है।

भालूओं के हमले से दो ग्रामीण घायल

कोरबा (आरएनएस)। वन परिक्षेत्र करतला में हाथियों के साथ-साथ अब भालुओं का आतंक शुरू हो गया है। पिछले दो दिनों के दौरान भालुओं ने यहां हमला कर दो ग्रामीणों को लहूलुहान कर दिया। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भालुओं के हमले की पहली घटना गुरूवार को रामपुर परिसर के कक्ष क्रमांक ओए 1466 दर्री पतरा जंगल में घटित हुई। जहां ग्राम धसकामुड़ा तहसील धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ निवासी श्रीमती देवंती बाई पति तेजराम राठिया उम्र 60 वर्ष दातौन तोडने के लिए जंगल गई थी, जहां पेड़ के पीछे छीपे भालू ने हमला कर दिया। भालू के हमले से वह लहूलुहान हो गई। घायल वृद्धा को उपचार के लिए धरमजयगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। करतला परिक्षेत्र में ही भालू के हमले की दूसरी घटना शुक्रवार को घटित हुई। बताया गया कि विकासखंड करतला के सुअरलोट निवासी लालाराम पिता सम्मत सिंह उम्र 54 वर्ष शुक्रवार को सुबह 11 बजे भैंसा चराने के लिए जंगल गया हुआ था तभी भालू ने उस पर हमला कर दिया। लहूलुहान अवस्था में उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करतला में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति सामान्य बतायी गई है। वन विभाग को सूचना दिए जाने पर विभाग की ओर से दोनों घायलों के परिजनों को उपचार के लिए तात्कालिक सहायता राशि 500 रूपए उपलब्ध करा दी गई है।

गरियाबंद जिले का पीपरछेड़ी-इंदागांव बनेगा उप तहसील : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

» मैनपुर को राजस्व अनुविभाग बनाने की घोषणा की

रायपुर- गरियाबंद, (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिला मुख्यालय गरियाबंद में आयोजित वन अधिकार, आजीविका सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह में जिलेवासियों को बड़ी सौगात देते हुए जिले के पीपरछेड़ी और इंदागांव को उप तहसील बनाने की घोषणा की है। वहीं मैनपुर को राजस्व अनुविभाग का दर्जा दिए जाने की बात कही है।

मुख्यमंत्री बघेल ने आज गरियाबंद जिले में सौगातों की बौछारें करते हुए अंचल के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार एवं भुंजिया जाति के लिए सीधी भर्ती का रास्ता खोल दिया। बघेल ने क्षेत्र में प्रचुर वन सम्पदा की उपलब्धता को देखते हुए जिले के सभी प्राथमिक वनोपज सहाकरी समितियों में 20.20 लाख रूपए की लागत से प्रारंभिक प्रसंस्करण केन्द्र खोलने की घोषणा की। बघेल ने

कहा कि इससे जिले के लोगों को वन सम्पदा का बेहतर मूल्य मिलेगा और आजीवका में वृद्धि होगी। उन्होंने जिला मुख्यालय गरियाबंद में 100 बिस्तर अस्पताल और गरियाबंद जिले के राजिम में कृषि महाविद्यालय खोलने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री बघेल ने गरियाबंद में आयोजित वन अधिकार, आजीविका एवं अभिनंदन समारोह के विशाल जनसभा को छत्तीसगढ़ी में सम्बोधित करते हुए कहा कि गरियाबंद जिला धार्मिक, सांस्कृति और प्राकृतिक रूप से सम्पन्न है। यहां विकास की असीम सम्भावनाएं है। बघेल ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के सन् 1985 में कुल्हाड़ीघाट प्रवास को याद करते हुए कहा कि राजीव गांधी कुल्हाड़ीघाट जैसे आदिवासी और वनाचंल क्षेत्र में आकर कंदमूल खाये थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आदिवासी और समाज के पिछड़े तबके के लोगों के हित में कार्य करती रही है। बघेल ने राज्यवासियों को कुल 82 प्रतिशत देने के फैसले पर कहा कि संविधान और मंडल आयोग के सिफारिश के आधार पर ही हमने राज्य की जनता के हित के लिए ईमानदारी से लागू किया है। जनसंख्या के आधार पर अब सभी वर्गो को आरक्षण का लाभ मिलेगा। बघेल ने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की संस्कृति पुरखों का सपना और स्वाभिमान के लिए कृत संकल्पित है। कुंभ मेला को हमने राजिम पुन्नी मेला का नाम दिया। राज्य के संस्कृति को सहेजते हुए हरेली, विश्व आदिवासी दिवस, कर्मा जयंती और तीजा पर्व पर भी सार्वजनिक अवकाश दिया है।

बाँध का पानी किसानों के खेतों में घुसा

» फसल को नुकसान

कवर्धा (आरएनएस)। वनांचल क्षेत्र पँडरिया विकास खँड के ग्राम पंचायत छिंदीपारा के आश्रित गांव भोयटोला के किसानों के खेतों में बाँध का पानी घुसने से पूरा फसल को नुकसान पहुचा है ग्रामीणों का कहना है बाँध के पास के गांव झिंगराड़ोगरी , छिंदीपारा ,मलकछरा , गांव के कई किसानों का फसल डूब गया है बार बार शिकायत करने पर कोई ध्यान नही दे रहा है प्रति किसान का 2 एकड़ से लेकर 5 एकड़ तक फसल डूब गया है धान,रहर,कोदो, को

नुकसान हुआ है बाध का नाम छिंदीपारा है।

दो साल बना हुआ है चार गांव के किसान प्रभावित हो रहे है और जल संसाधन विभाग द्वारा बनवाया गया है पीड़ित किसानों को मुआयजा अभी तक नही मिला है और दो गाँवो में सर्वे नही हुआ है ।

जोगी परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूटा : अजीत जोगी मेदांता में भर्ती तो अमित अपोलो अस्पताल के आईसीयू में भर्ती

रायपुर (आरएनएस)। फर्जी जाति प्रमाण पत्र, झूठे शपथ पत्र के मामले में फंसे जोगी परिवार की मुसीबतें कम होने के बजाए उल्टे बढ़ती जा रही है। पूर्व सीएम अजीत जोगी जहां मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं तो वहीं अमित जोगी की तबियत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें अपोलो बिलासपुर के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने और जेल दाखिल किए जाने के बाद से ही अमित जोगी की तबियत खराब हो रही थी। पहले उनका जेल में ही स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया, इसके बाद उनकी तबियत फिर से बिगड़ी। बताया जाता है कि उन्हें इस समय अपोलो हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सक उन पर लगातार नजर रखे हुए हैं।

बताया जाता है कि रात जेल में अमित जोगी का ब्लड प्रेशर अचानक बढ़ गया, जिसके चलते उन्हें चक्कर आने लगे, वहीं जोगी की हालत बिगड़ते देख उसे जेल से गौरेला के उपजेल स्थित सेनेटोरियम में भर्ती कराया गया। तबियत बिगड़ते देख उन्हें सिम्स रेफर कर दिया गया। इस दौरान सिम्स के डाक्टरों ने भी उनकी हालत को देखते हुए

देर रात अपोलो हॉस्पिटल रेफर कर दिया। बताया जाता है कि उनकी तबियत को देखते हुए अपोलो के चिकित्सकों ने उन्हें सीधे आईसीयू वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है।

औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आबंटन की दरों में होगी 30 प्रतिशत की कमी : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में अब औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आबंटन की दरों में 30 प्रतिशत की कमी कर दी जाएगी, इसके अलावा फूड प्रोसेसिंग सहित लघु व छोटे उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सस्ती दरों पर भूमि, पूंजी उपलब्ध कराने की नीति तैयार की जाएगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में औद्योगिक विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की है। इसके तहत सबसे महत्वपूर्ण यह है कि औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आबंटन की

दरों में 30 प्रतिशत की कमी के साथ ही राज्य में फूड प्रोसेसिंग, लघु वनोपज और हर्बल आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए उन्हें सस्ती दरों पर भूमि, पूंजी, ब्याज अनुदान और करों में छूट आदि देने के लिए आगामी 2 माह के भीतर नयी नीति तैयार करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री बघेल राजधानी रायपुर के छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के कार्यक्रम में उद्योगिक और वाणिज्यिक प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार कृषि के साथ व्यवसाय और उद्योगों की उन्नति के लिए संकल्पित है। प्रदेश में कोर सेक्टर स्टील और सीमेंट से संबंधित उद्योंगों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जाएगा। वर्तमान में इन उद्योंगो को प्रतिबंधित सूची में रखा गया है। इन उद्योगों को प्रतिबंधित सूची से हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आबंटन के लिए निर्धारित दरों में 30 प्रतिशत की कमी की जाएगी तथा वर्तमान में औद्योगिक क्षेत्रों में आबंटित भूमि पर लीज रेंट की दर 3 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत की जाएगी। राज्य में उद्योगों की स्थापना के लिए सभी प्रकार की अनुमतियां समय-सीमा में मिल सके इसके लिए सिंगल विंडो प्रणाली को प्रभावी बनाया जाएगा। वर्तमान में उद्योगों की स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध नही होने के कारण आवेदन नही लिए जा रहे है।

राज्य के 8 जिलों में भारी बारिश तो 15 जिलों में कहीं-कहीं पर अतिभारी बारिश की चेतावनी

रायपुर (आरएनएस)। मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान राज्य के 8 जिलों में भारी बारिश तथा 15 जिलों में एक-दो स्थानों पर भारी से अतिभारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग से जारी त्वरित पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कोरिया, मुंगेली, कोरबा, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, दुर्ग तथा बालोद जिलों में एक-दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी करते हुए यलो अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं राज्य के बिलासपुर, रायगढ़, जशपुर, जांजगीर-चांपा, रायपुर, बलौदाबाजार, बेमेतरा, कबीरधाम, राजनांदगांव, बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कांकेर, बीजापुर, नारायपुर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए इन जिलों में एक-दो स्थानों पर भारी से अतिभारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

बेकाबू बोलेरो पुल में गिरी : एक की मौत, 13 घायल

» परिवार के लोग दशगात्र से लौट रहे थे

कोरबा (आरएनएस)। दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर आधी रात को ग्राम पुरू से लौटते वक्त उड़ता-पुटा मार्ग के मध्य पुलिया से टकरा कर बोलेरो के पलटकर नाले में गिरने से एक परिवार के 13 सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक वृद्ध की मौके पर मौत हो गई। घायलों को उपचार के लिए पाली सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार पाली थाना अंतर्गत ग्राम नुनेरा निवासी सूरज सिंह कंवर के परिवार के सदस्य अपने एक रिश्तेदार के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने कल बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 12 ए ई 7086 से ग्राम पुरू गए हुए थे। वहां से ये सभी लोग वापस 12 बजे रात के लगभग अपने गृहग्राम नुनेरा लौट रहे थे। उस दौरान वाहन को सूरज सिंह चला रहा था। वाहन लेकर वह ग्राम उड़ता एवं पुटा के मध्य पाली थाना से 15 किमी दूर पुलिया पर पहुंचा ही था कि वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराकर नाले में काफी नीचे जा गिरी। बताया जाता है कि इस दुर्घटना में सभी लोग बोलेरो वाहन में फंस गए। जिन्हें आसपास के लोगों की मदद से निकाला गया। जिसमें से गंभीर रूप से घायल हुए गुलाब सिंह कंवर उम्र 60 पिता रतन सिंह कंवर की मौत हो गई। जबकि एक महिला काफी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे पाली सीएचसी से सिम्स बिलासपुर रेफर कर दिया गया।

करंट की चपेट में आने से लाइनमैन की मौत

कोरबा (आरएनएस)। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती में सहगल ट्रांसफार्मर के पास फाल्ट आने पर लाइनमैन पूसाराम काम कर रहा था इसी दौरान करंट की चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सरकर्मियों की मदद से उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक विद्युत वितरण विभाग में ठेका कर्मी के रूप में पदस्थ था जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि लाइनमैन कैसे करंट की चपेट में आया है विद्युत विभाग के अफसरों को मामले की गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कर दोषी अधिकारी कर्मचारियों की कार्रवाई करनी चाहिए।

दंतैल हाथी गणेश ने फिर तोड़े कई मकान

कोरबा (आरएनएस)। वन मंडल कोरबा के बालको व करतला रेंज में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। वन विभाग का अमला तमाम कोशिशों के बावजूद इसे रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। जिससे हाथी प्रभावित इन गांवों के ग्रामीण काफी दहशत में है। ग्रामीणों ने सुरक्षा की गुहार लगाई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 43 हाथियों का दो झूंड करतला व बालको नगर रेंज में घूम रहा है और फसलों को लगातार नुकसान पहुंचा रहा है। जिससे ग्रामीण काफी चिंतित है। बालको रेंज में मौजूद 4 हाथी शुक्रवार की रात अजगर बहार से आगे बढ़कर बीजापहाड़ पहुंच गया। यहां पहुंचने से पहले हाथियों ने रास्ते में सोनगुढ़ा, कुदरीपारा व डोंगाघाट में कई किसानों की फसल रौंद दी। वहीं हाथियों का यह दल कुदरीपारा में एक ग्रामीण की बाड़ी की दीवार ढहा दी और वहां पहुंचकर जमकर उत्पात मचाते हुए बाड़ी में लगे केले, आम व सब्जी के पौधों को तहस-नहस कर दिया। उधर 39

हाथियों का अन्य दल चौथे दिन करतला सर्किल में उत्पात मचाते हुए 10 किसानों की फसल रौंदी है। वहीं 1 कृषक के खेत में पहुंचकर वहां लगे सिंचाई पाइप को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे इन किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। यहां फसल रौंदने के बाद हाथियों का दल जंगल के कक्ष क्रमांक 1015 में पहुंच गया। वर्तमान में यह दल यहां विचरण कर रहा है। हाथियों के जंगल के कक्ष क्रमांक 1015 में पहुंचने की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंच गए हैं और हाथियों की निगरानी शुरू कर दिए है। उधर दंतैल हाथी गणेश फिर बेकाबू हो गया है। उसने पड़ोसी छाल रेंज के सारसमार गांव में भारी उत्पात मचाते हुए कई मकान को तोड़ दिए।

किसी भी आउडसाइडर की तरह ऑडिशन देने के लिए तैयार हूं: सारा

सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा अली खान ने अभिषेक कपूर की फिल्म केदारनाथ से सुशांत सिंह राजपूत के ऑपोजिट डेब्यू किया था। इस फिल्म में सारा के किरदार के लिए उन्हें काफी तारीफ भी मिली थी। इसके बाद सारा ने रणवीर सिंह के ऑपोजिट रोहित शेट्टी की फिल्म सिंबा में काम किया था और यह फिल्म भी सुपरहिट रही थी। हालांकि सारा अली खान एक पॉप्युलर स्टारकिड हैं लेकिन उनका कहना है कि किसी बाहरी व्यक्ति की तरह वह भी ऑडिशन दे सकती हैं।

एक हालिया इंटरव्यू में जब सारा से पूछा गया कि क्या वह किसी आउटसाइडर की तरह ऑडिशन देने के लिए तैयार होंगी? तो इसके जवाब में सारा ने कहा, मुझे लगता है कि मैं एक आउटसाइडर की तरह ऑडिशन जरूर दूंगी क्योंकि किसी भी फिल्ममेकर को यह पता होना चाहिए कि कोई ऐक्टर किसी किरदार के लिए फिट है भी या नहीं और अगर आप किसी प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना चाहते हैं तो आपको यह सब करना भी चाहिए। सारा ने आगे कहा कि इस सब में स्क्रीन टेस्ट और

ऑडिशन भी शामिल है और यह सब बिना किसी पैसे और नखरे के किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, इसलिए हां, मैं भी किसी अन्य व्यक्ति की तरह ऑडिशन जरूर दूंगी।

वर्क फ्रंट की बात करें तो सारा इस समय वरुण धवन के साथ कुली नंबर 1 के रीमेक में काम कर रही हैं। इस फिल्म का डायरेक्शन डेविड धवन कर रहे हैं और यह 1 मई 2020 को रिलीज होगी। इसके अलावा कुछ दिनों पहले ही सारा ने इम्तियाज अली की अगली फिल्म की शूटिंग भी पूरी की है।

सुष्मिता सेन सीख रही है स्किन डाइव

अभिनेत्री सुष्मिता सेन का कहना है कि वे 43 की उम्र में स्किन डाइव करना सीख रही है और उनका कहना है कि कुछ सीखने के लिए कभी भी ज्यादा देर नहीं होती।

सुष्मिता ने एक वीडियो साझा करते हुए कहा, 43 की उम्र में स्किन डाइव सीख रही हूं। कभी भी कुछ सीखने के लिए देर नहीं होती, केवल पहला कदम बढ़ाने की जरूरत होती है, बाकी अपने आप हो जाता है। उन्होंने कहा, मैं तब तक समुद्र में गोता लगाती रही, जब तक कि सीख ना जाऊं। शुक्रिया हुसैन हसम एक सांच की ताकत को सीखाने के लिए। उन्होंने अपने प्रेमी रोमन शॉल और बेटी अलीसा के साथ कई तस्वीरें और वीडियो साझा की। वे सभी इस तकनीक को सीख रहे हैं। उन्होंने तस्वीर के शीर्षक में लिखा, मैं सबसे साहसी 10 वर्षीय लड़की को जानती हूं और उसकी मां होने पर मुझे गर्व है। यही वह गिफ्ट है, जो मैं उसके 10वें जन्मदिन पर दे सकती थी। अलीसा उस वक्त केवल 5 साल की थी, जब रीनी और मुझे पीएडीआई ओपन वॉटर स्कूबा ड्राइवर का सर्टिफिकेट मिला था, और उस समय वह काफी नाराज थी कि स्कूबा ड्राइविंग के लिए न्यूनतम आयु 10 साल है।

दोस्ताना 2 में कार्तिक आर्यन और जान्हवी कपूर संग डेब्यू करेंगे लक्ष्य

दोस्ताना के सीक्वल दोस्ताना 2 के लिए फिल्मकार करण जौहर की तीसरे अभिनेता की तलाश पूरी हो गई है. करण जौहर ने आज अपने इंस्टाग्राम पर एलान किया कि धर्मा प्रोडक्शन को दोस्ताना 2 के लिए अभिनेता मिल गया है. आपको बता दें कि इस फिल्म के लिए करण जौहर कार्तिक आर्यन और जान्हवी कपूर को पहले ही साइन कर चुके हैं. फिल्म के तीसरे किरदार को लेकर काफी दिनों सो खोजबीन की जा रही थी, जो कि अब पूरी हो गई है.

करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर इस खबर को शेयर करते हुए लिखा, धर्मा ब्लॉक में इस नए बच्चे से मिलवाकर खुश भी हूं और उत्साहित भी. लक्ष्य हमारे साथ फिल्म दोस्ताना 2 से अपना डेब्यू करेंगे. और यहां से हम एक मज़बूत फिल्मी सफर की शुरुआत की उम्मीद करते हैं. लक्ष्य का स्वागत कीजिए और अपने प्यार और दुआओं की इस पर बारिश कीजिए.

आपको बता दें कि दोस्ताना 2 का निर्देशन कॉलिन डी कुन्हा कर रहे हैं. इस फिल्म को करण जौहर, हीरू जौहर और अपूर्व मेहता प्रोड्यूज़ कर रहे हैं. बता दें कि पहले ऐसी रिपोर्ट्स आई थी कि फिल्म में तीसरे किरदार के तौर पर राजकुमार राव को लिया जा सकता है, हालांकि करण जौहर को किसी फ्रेश चेहरे की तलाश थी, जो कि अब पूरी हो गई है.

दोस्ताना 2 साल 2008 में आई फिल्म दोस्ताना का सीक्वल है. उस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, अभिषेक बच्चन और जॉन अब्राहम एक साथ नज़र आए थे. फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी. हाल ही में फिल्म से जुड़े एक सोर्स ने पिंकविला से बात करते हुए कहा था कि इसमें जान्हवी कपूर और कार्तिक आर्यन एक दूसरे के अपोज़िट नज़र नहीं